कार्यालय वन मण्डलाधिकारी वन मण्डल, अनूपपुर (म०प्र०)

E-mail : dfotanppur@mp.gov.in; Ph. No. (07659) 222038

क्रमांक / मा.चि. / 2023 / 1595 अनूपपुर, दिनांक 13/10/2023

प्रति,

मुख्य वन संरक्षक,
वनवृत्त शहडोल
शहडोल (म०प्र०)।

विषय :– वन मण्डल अनूपपुर के परिक्षेत्र कोतमा के विभिन्न वन कक्षों के रकवा 314.743 हे. वनभूमि तथा ग्राम फुलकोना, डूमरकछार व भलमुड़ी के विभिन्न खसरों के रकवा 39.515 हे. राजस्व वनभूमि कुल 354.258 हे. वनभूमि में झिरिया वेस्ट ओपन कास्ट पद्धति से कोयला उत्खनन के व्यपवर्तन। (Proposal number- FP/MP/MIN/39881/2019)

संदर्भ :– 1– भारत सरकार पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय नई दिल्ली का पत्र क्रमांक / 8–14 / 2020 / एफ.सी. दिनांक 09.08.2023

2– आपका पत्र क्रमांक / एफ–1 / FP/MP/MIN/39881/2019/4049 दिनांक 04.09.2023

3– महाप्रबंधक एस.ई.सी.एल. हसदेव क्षेत्र का पत्र क्रमांक / 63 दिनांक 06.09.2023

––o0o––

उपरोक्त विषयांतर्गत निवेदन है कि वन मण्डल अनूपपुर के परिक्षेत्र कोतमा के विभिन्न वन कक्षों के रकवा 314.743 हे. वनभूमि तथा ग्राम फुलकोना, डूमरकछार व भलमुड़ी के विभिन्न खसरों के रकवा 39.515 हे. राजस्व वनभूमि कुल 354.258 हे. वनभूमि में झिरिया वेस्ट ओपन कास्ट पद्धति से कोयला उत्खनन के वनभूमि के व्यपवर्तन के संबंध में संदर्भित पत्र क्रमांक–01 द्वारा दो बिन्दुओं की जानकारी चाही गई है। बिन्दु क्रमांक 01 परिपालन में महाप्रबंधक एस.ई.सी.एल. हसदेव क्षेत्र का पत्र क्रमांक / 63 दिनांक 06.09.2023 द्वारा प्रतिवेदन इस कार्यालय को प्रस्तुत किया गया है।

श्री ए.के. सिन्हा (Dy. D.G. Forest) भोपाल रीजन द्वारा अनूपपुर वन मण्डल की 04 पैच की वनीकरण योजना का संयुक्त रूप से मौका स्थल निरीक्षण दिनांक 08.12.2022 को किया गया, मौका स्थल निरीक्षण दौरान दिये गए निर्देशानुसार विवरण निम्नानुसार है :–

क्र.	परिक्षेत्र	कक्ष क्रमांक	वनीकरण हेतु प्रस्तावित रकवा (हे.में)	रिमार्क
1	बिजुरी	RF-536	30	श्री ए.के. सिन्हा, उप महानिदेशक वन द्वारा संयुक्त स्थल निरीक्षण के दौरान वृक्षारोपण क्षेत्र में जैविक दबाव अधिक होने के कारण वनीकरण योजना में चैनलिंक फेंसिंग का प्रावधान किये जाने का निर्देश दिया गया है। दिये गए निर्देशानुसार पुनरीक्षित वनीकरण योजना तैयार की गई है। (पुनरीक्षित वनीकरण योजना संलग्न है)
2	बिजुरी	PF-562	50	श्री ए.के. सिन्हा, उप महानिदेशक वन द्वारा वन कक्ष क्रमांक पी. एफ. 562 के स्थल निरीक्षण के दौरान वृक्षारोपण क्षेत्र में कुछ स्थानों पर चट्टानी पैच एवं बांस भिर्रे क्षेत्र को ध्यान में रखकर वनीकरण योजना को पुनरीक्षण करने हेतु निर्देश दिये गए। दिये गये निर्देशों के अनुसार पूर्व में ही वृक्षारोपण योजना तैयार की गयी है जिसका घेराव क्षेत्र 60 हे० है । (वनीकरण योजना प्रति संलग्न है)

3	बिजुरी	PF-566	50	कोई निर्देश प्राप्त नहीं हुए हैं।
4	कोतमा	PF-430	50	श्री ए.के. सिन्हा, उप महानिदेशक वन द्वारा संयुक्त स्थल निरीक्षण के दौरान चयनित वृक्षारोपण क्षेत्र के निकटवर्ती क्षेत्र को अधिक उपयुक्त बताते हुए सम्मिलित करने का निर्देश दिया गया । साथ ही जैविक दबाव अधिक होने के कारण वनीकरण योजना में चौनलिंक फेंसिंग का प्रावधान किये जाने का निर्देश दिया गया। निर्देशानुसार घेराव क्षेत्र बढाकर (84 हे.) 50 हे. की पुनरीक्षित वनीकरण योजना तैयार की गई है।(पुनरीक्षित वनीकरण योजना संलग्न है)

अतः प्रतिवेदन आपके अवलोकनार्थ आवश्यक कार्यवाही हेतु सादर सम्प्रेषित है।

संलग्न :-

1. उपरोक्तानुसार वनीकरण योजना 02 प्रतियों में।
2. एस.ई.सी.एल. हसदेव क्षेत्र से प्राप्त बिन्दु क्र. 01 का प्रतिवेदन।
3.

वन मण्डलाधिकारी
वन मण्डल अनूपपुर

पृ.क्रमांक/मा.चि./2023/ 1596 — अनूपपुर, दिनांक 13/10/2023

प्रतिलिपि :-

1— अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू.प्रबंध) म0प्र0 भोपाल की ओर सूचनार्थ सम्प्रेषित।

2— महाप्रबंधक एस.ई.सी.एल. हसदेव क्षेत्र की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

वन मण्डलाधिकारी
वन मण्डल अनूपपुर